दिन– शुक्रवार

दिनांक– 28 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां के अभिभाषण के साथ बिहार विधानमंडल का बजट सत्र आज से शुरू।

02. राज्यपाल ने कहा – विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले दस लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और चौंतीस लाख लोगों को रोजगार दिया जाएगा।

03. उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने आज राज्य विधानसभा में वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस का आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया।

04. और, भाजपा ने एक बार फिर दोहराया– मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही विधानसभा चुनाव लड़ा जाएगा।

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां के अभिभाषण के साथ ही बिहार विधानमंडल का बजट सत्र आज से शुरू हुआ। अट्ठाईस मार्च तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल बीस बैठकें आयोजित की जायेंगी। राज्यपाल ने सदन के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए अथक प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले दस लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और चौंतीस लाख लोगों को रोजगार दिया जाएगा।

–––बाइट–––

राज्यपाल ने कहा कि उनकी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में पंचायती राज संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों और सरकारी नौकरियों में आरक्षण लागू किया जा रहा है।

–––बाइट–––

राज्यपाल ने कहा कि नई सरकार में कानून का राज कायम है और लगातार विकास कार्यों को पूरा किया जा रहा है।

–––बाइट–––

---

उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने आज राज्य विधानसभा में बिहार आर्थिक सर्वेक्षण दो हजार चौबीस–पच्चीस पेश किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण से पता चलता है कि विवेकपूर्ण राजकोषीय प्रबंधन और राजस्व एवं खर्च के बीच बेहतर संतुलन के कारण राज्य की वित्तीय स्थिति मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा कि राज्य ने कृषि, संबद्ध क्षेत्रों, उद्योग और अन्य क्षेत्रों सहित अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में प्रगति की है। श्री चौधरी ने कहा कि वर्तमान में बिहार की अर्थव्यवस्था का आकार साढ़े तीन गुना बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था वर्ष दो हजार ग्यारह–बारह में दो लाख सैंतालीस हजार करोड़ से बढ़कर दो हजार तेईस–चौबीस में आठ लाख चौवन हजार करोड़ हो गई है।

–––बाइट–––

---

विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रतिक्रिया देते हुए आरोप लगाया कि सरकार की कोई ठोस उपलब्धि नहीं है। उन्होंने कहा कि बिहार से पलायन और बरोजगारी में लगातार वृद्धि हो रही है। श्री यादव ने बजट सत्र के दौरान सदन को सुचारू रूप से चलाने की मांग की।

–––बाइट–––

---

भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी ने विधानसभा में विपक्षी दलों के हंगामे पर कहा कि विपक्ष सकारात्मक रवैया अपनाने की जगह सदन की कार्यवाही को बाधित कर रहा है। श्री चौधरी ने विधानसभा परिसर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि विपक्ष को सरकार के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में सहयोग करना चाहिए।

–––बाइट–––

---

मुसलमानों के पवित्र महीने रमजान की शुरूआत दो मार्च, रविवार से होगी। फुलवारीशरीफ स्थित इमारते–ए–शरिया ने इसका एलान किया है। रमजान को देखते हुए बाजारों में चहल–पहल बढ़ गयी है और लोग खरीदारी में व्यस्त देखे जा रहे हैं।

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा। आज पटना में संवाददाताओं से बातीचीत करते हुए श्री जायसवाल ने कहा कि इस मुद्दे पर एनडीए एकजुट है।

———बाइट———

---

मुजफ्फरपुर जिले में साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही पुलिस ऐसे आपराधिक तत्वों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट——

जिले की साईबर थाना की ओर से पुलिस सप्ताह के तहत प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को साईबर ठगी के प्रति जागरूक किया गया। इस प्रभात फेरी में पुलिस अधिकारियों के साथ–साथ स्कूली बच्चे, वरिष्ठ नागरिक और शांति समिति के सदस्य भी शामिल हुये। नाटक के मंचन के माध्यम से भी साईबर जालसाजी के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। मुजफ्फरपुर साईबर थाने ने पिछले दिनों साईबर अपराधियों की गिरफ्तारी और ठगी की गयी राशि वापस कराने में राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। थाने को दस साईबर अपराधियों को गिरफ्तार करने और ठगी की पन्द्रह प्रतिशत से अधिक राशि वापस कराने को लेकर राज्य स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुजफ्फरपुर से कौशल किशोर कौशिक।

---

पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य का मौसम शुष्क बना रहा। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बांका में सबसे कम न्यूनतम तापमान तेरह दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान कटिहार, भागलपुर, बांका, जमुई, मुंगेर और नवादा जिलों के कुछ स्थानों में वज्रपात के साथ हल्की बारिश की संभावना है।

———बाइट———

---

देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद की बासठवीं पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है। इस मौके पर पटना के बांसघाट स्थित उनकी समाधि स्थल पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत अन्य गणमान्य लोगों ने उनकी समाधि स्थल पर श्रद्धा–सुमन अर्पित की।

---

आकाशवाणी पटना में छत्तीस वर्षों से अधिक की सेवा के बाद मोहम्मद परवेज आज एमटीएस के पद से सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर उनके सम्मान में विदाई

समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें आकाशवाणी केंद्र प्रमुख हेमंत डी. सिडाम सहित वरिष्ठ अधिकारियों और सहकर्मियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

---

आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस है। प्रति वर्ष अट्ठाईस फरवरी को महान भौतिक वैज्ञानिक, सर सी. वी. रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में यह दिन मनाया जाता है। उन्हें इस महत्वपूर्ण खोज के लिए वर्ष उन्नीस सौ तीस में नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जिज्ञासा विज्ञान की जननी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विज्ञान और ज्ञान मिलकर हर समस्या के समाधान का द्वार खोलते हैं। राजधानी पटना के श्रीकृष्ण विज्ञान केन्द्र और तारामंडल समेत प्रदेशभर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गए।

---

होली के त्योहार के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए मध्य रेलवे ने प्रमुख मार्गों पर अड़तालीस अतिरिक्त विशेष रेलगाड़ियां चलाने की घोषणा की है। ये रेलगाड़ियां मुंबई, पुणे जैसे प्रमुख शहरों से दानापुर, समस्तीपुर समेत अन्य गंतव्य स्थानों के बीच चलेंगी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां के अभिभाषण के साथ बिहार विधानमंडल का बजट सत्र आज से शुरू।

02. राज्यपाल ने कहा – विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले दस लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और चौंतीस लाख लोगों को रोजगार दिया जाएगा।

03. उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने आज राज्य विधानसभा में वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस का आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया।

04. और, भाजपा ने एक बार फिर दोहराया– मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही विधानसभा चुनाव लड़ा जाएगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।